

**एक नजर में**

### सोमवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** सोमवार को शहर के विभिन्न हिस्सो में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक शहर मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि 33 केव्ही गुना फीडर पर पोस्ट मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03 बजे तक 33 केव्ही एचटी कनेक्शन पुराना इंडस्ट्रियल एरिया का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकता अनुसार घटाया अथवा बढाया भी जा सकता है।

### तेज रफ्तार टैक्सी ने बाइक को मारी टक्कर

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में गत रात एक तेज रफ्तार टैक्सी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक टैक्सी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, छोटू नागर निवासी हरिपुर रोड बूढ़े बालाजी अपने बड़े भाई सिंटू नागर के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-08 एमएक्स-0659 से सदर बाजार से घर लौट रहे थे। रात करीब 8.30 बजे जब वे जसवंत लोधा की मेडिकल दुकान के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही टैक्सी क्रमांक एमपी-08 जेडएफ-2257 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छोटू नागर घायल हो गया। वहीं टैक्सी चालक दुर्घटना के बाद वाहन लेकर भाग गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# नानाखेड़ी तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## निरीक्षण के दौरान प्रभारी सीएमओ और पीओडूडा की संयुक्त कार्रवाई



नवभारत न्यूज


**गुना 12 अक्टू. का। रविवार प्रात: शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं अतिक्रमण मुक्त सडकें सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन की टीम ने हनुमान चौराहे से नानाखेड़ी तक अभियान चलाया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री तथा परियोजना अधिकारी, पीओडूडा संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो टीमों द्वारा स्वच्छता और अतिक्रमण की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सडक किनारे गिट्टी, भसुआ तथा अन्य निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई और तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए गए।**

सुबह के समय टीम ने सबसे पहले कैंट क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 34, 35 और 36 में स्वच्छता का जायजा लिया। अधिकारियों ने वार्ड प्रभारियों को आगामी त्योहारों को देखते हुए पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद हाट रोड क्षेत्र में फल विक्रेताओं के विरुद्ध चालानी कार्रवाही की गई। सडक पर ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहे व्यापारियों को चेतावनी दी गई कि वे भविष्य में सडक पर व्यापार न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

हनुमान चौराहे से नानाखेड़ी तक निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण दस्ते ने सडक किनारे गिट्टी-भसुआ, कंबल और अलमारी विक्रेताओं को हटाया। चालानी कार्रवाही में करीब 10,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया, वहीं सडक पर कचरा फेंकने वालों से 2,500 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। इस दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, उपयंत्री नितिन चंदेल, विवेक श्रीवास्तव, शकील खान, अमित कुमार, बंटी खरे, डिफेंस जादौन सहित अतिक्रमण दस्ता के कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की कार्रवाही लगातार जारी रहेगी ताकि शहर में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था दोनों को बेहतर बनाया जा सके। शहर में जहां भी अवैध अतिक्रमण है जिससे शहरवासियों को परेशानी होती है वह सभी हटाए जाएंगे।

## तीन दिन लाइन में लगने पर मिल रही खाद, सुधार की मांग की



**मधुसूदनगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) महाशक्ति के जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने कलेक्टर गुना को पत्र लिखकर जिले में खाद वितरण व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया है। श्री चौहान ने बताया कि उन्होंने 11 अक्टूबर को स्वयं डबल लोक मधुसूदनगढ़ में किसानों से बातचीत की। किसानों ने बताया कि उन्हें खाद मिलने के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने डबल लोक संचालक से चर्चा की, जिन्होंने बताया कि उनके खाद के ऑर्डर पेंडिंग हैं। चौहान ने पत्र में कहा कि डबल लोक पर खाद की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और सोसाइटी स्तर पर भी वितरण निरंतर जारी रखा जाए। केवल तभी व्यवस्था में सुधार संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि खरीफ सीजन में किसान पहले ही लाइन में लगे रहे, और अब रवि सीजन में भी स्थिति बहुत खराब है, जिससे किसान काफी परेशान हैं। भाकियू महाशक्ति के जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि डबल लोक के खाद ऑर्डर की पेंडेंसी तुरंत समाप्त की जाए और किसानों को निरंतर खाद उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो किसानों को उत्पादन और खेती में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को बिना किसी बाधा के खाद मिल सके और उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।



## फतेहगढ़ में संदिग्ध हालत में महिला की मौत परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ क्षेत्र में रविवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान रामकली अहिरवार पति रामकिशोर अहिरवार निवासी फतेहगढ़ के रूप में हुई है। रामकली का मायका राजस्थान के जिला केलवाड़ा थाना ऊनी में है। मृतका की शादी को करीब 22 वर्ष हो चुके हैं और उसके दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी हैं। परिजनों ने इस मौत को संदिग्ध बताते हुए पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के भाई लक्ष्मीनारायण ने बताया कि गत रात उनकी बहन से बात हुई थी, लेकिन सुबह उन्हें रिश्तेदारों से सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है। जब वे पहुंचे तो देखा कि मृतका के सिर में दो जगह चोट के निशान हैं और हाथ-पैर पर भी चोटें थीं। भाई का कहना है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि साजिश के तहत हत्या की गई है। लक्ष्मीनारायण के अनुसार, मृतका ने कई बार अपने मायके वालों को बताया था कि उसका पति, जो फतेहगढ़ रेंज में नाके दार के पद पर पदस्थ है, किसी अन्य महिला के साथ संबंध रखता है। इस कारण पिछले पांच वर्षों से वह अपनी पत्नी से दूरी बनाए हुए था और कई बार उसके साथ मारपीट भी कर चुका था। मृतका ने यह भी बताया था कि उसका पति उससे और बच्चों से बात नहीं करता था, केवल कभी-कभार राशन-पानी रखकर चला जाता था। यहां तक कि पिछले तीन महीनों से बेटे से भी उसने कोई बात नहीं की थी। मृतका के भाई ने बताया कि आरोपी पति अपनी पत्नी से कहता था कि यहां से चली जा, नहीं तो जान से मार दूंगा। रविवार को मृतका का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। फतेहगढ़ पुलिस ने मायके पक्ष के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का 13 को होगा भव्य शुभारंभ




**गुना।** स्थानीय खेल नोडल केंद्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में 13 से 17 अक्टूबर 25 तक आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का सोमवार को दोपहर 2 बजे भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल 17 वर्ष बालक/ बालिका वर्ग के मैच आयोजित किए जाएंगे । इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन, इंदौर, रीवा, ग्वालियर, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, शहडोल, जबलपुर और जनजातीय विभाग कुल 10 संभागों की टीमें भाग लेंगी। इस राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 240 बालक एवं बालिक खिलाड़ी,50 कोच/ मैनेजर एवं 30 ऑफिशियल्स सहित लगभग 320 खिलाड़ी एवं ऑफिशल्स इस आयोजन में सहभागिता करेंगे। आयोजन समिति द्वारा विभिन्न संभागों से आई गई टीमों के लिए भोजन, परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी समुचित प्रबंध किए गए हैं। प्रतियोगिता स्थल पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## परीक्षा में बच्चों की चुनौती, बॉल पेन न होने से मची अफरा-तफरी



नवभारत न्यूज

**गुना।** राष्ट्रीय मीन्स-कम मेरिट छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। सुबह से ही केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं, लेकिन जैसे ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई, छात्रों और अभिभावकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसका कारण था कि अधिकांश विद्यार्थी जेल पेन लेकर परीक्षा केंद्र आए, जबकि परीक्षा में केवल बॉल पेन का उपयोग करने की अनिवार्यता थी। इस कारण कई बच्चों को केंद्र से बाहर भेजा गया और उन्हें पास की दुकानों से बॉल पेन खरीदने के लिए भेजा गया, जिससे समय की हानि और तनाव दोनों बढ़ गए। एमएलबी स्कूल केंद्र पर स्थिति सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रही। यहां कई विद्यार्थी तख्ती लेकर आए, जिन्हें प्रवेश नहीं मिला। प्रवेश के समय सख्त जांच की गई, जिससे बच्चों और अभिभावकों को लंबे समय तक गेट पर खड़ा रहना पड़ा। एक छात्रा का प्रवेश पत्र गिर जाने के कारण उसे भी केंद्र में प्रवेश नहीं मिला। परिजनों ने उसे अंडरटेकिंग पर बैठने देने की मांग की, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इसके बाद बाजार खुलने पर नया प्रिंट तैयार कराकर छात्रा को प्रवेश दिया गया। छात्र और अभिभावक दोनों ने परीक्षा के दौरान असमान व्यवहार की भी शिकायत की। कुछ शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों के साथ प्रवेश देने में कठिनाई आई, जबकि कुछ को बिना रोक-टोक अंदर जाने की अनुमति मिली। छात्रों का कहना था कि उन्हें पहले से स्पष्ट नहीं बताया गया था कि जेल पेन स्वीकार नहीं किए जाएंगे, जिससे परीक्षा की शुरुआत में समय और मनोबल प्रभावित हुआ। परीक्षा जिलेभर के केंद्रों पर इस प्रकार पंजीकृत छात्र संख्या रही- उमावि क्रमांक 2 गुना 244, एमएलबी स्कूल गुना 220, उत्कृष्ट स्कूल गुना 331, उत्कृष्ट बमौरी 335, मॉडल बमौरी 243, उत्कृष्ट बीनागंज 273, उमावि बीनागंज 222, उत्कृष्ट राघौगढ़ 315, कन्या उमावि राघौगढ़ 222, मॉडल राघौगढ़ 297, उत्कृष्ट आरोन 83, कन्या उमावि आरोन 136। गौरतलब है कि एनएमएमएस परीक्षा आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। सफल छात्रों को 12,000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलती है, जिससे वे अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकें।

इस परीक्षा में प्रवेश से पहले स्पष्ट निर्देश और तैयारी की कमी के कारण बच्चों और अभिभावकों के लिए परेशानी बढ़ गई।

## श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन



नवभारत न्यूज

**गुना।** मानस भवन गुना में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भक्तिभाव व श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है. कथा वाचक अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ(इस्कॉन उज्जैन) श्रीमान कृष्ण किशोर जी प्रभुजी ने श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। पंचम दिवस की कथा में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, महेंद्र किरार, विकास जैन नखराली, नरेंद्र बड ?ुल सहित नगर के गणमान्य जनों ने कथा श्रमण कर आरती की। कथा आयोजक इंजी गिर्राज अग्रवाल एवं आलोक अग्रवाल ने नगरवासियों से कथा श्रवण करने का आग्रह किया गया। पंचम दिन के प्रसंग में कथा वाचक ने अपने प्रवचन में कहा कि कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं।

## 9 से 11 तक सीटू का राज्य स्तरीय सम्मेलन

**गुना।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) का 15वां राज्य सम्मेलन इस बार गुना में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन 9 से 11 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रदेशभर से संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन की तैयारियों के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और उनकी बैठकें लगातार आयोजित की जा रही हैं। रविवार को डाक बंगला स्थित सीटू कार्यालय में स्वागत समिति की बैठक हुई।

बैठक में तय हुआ कि सम्मेलन की शुरुआत 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे हनुमान चौराहे से रैली और आमसभा के साथ होगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पूर्व कर्मचारी कल्याण मंत्री से की भेंट



नवभारत न्यूज

**गुना।** पूर्व कर्मचारी कल्याण मंत्री बसंत पुरोहित और सेवानिवृत्ति अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ भोपाल के संरक्षक सुरेश चंद्र बादल ने आज गुना में जिला कार्यकारिणी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री दीपावली से पूर्व महंगाई भत्ते के आदेश शीघ्र जारी करेंगे। सेवानिवृत्ति अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री प्रदुमन सोनी, जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश व्यास, उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़, सचिव खेमराज पाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से किसान की मौत

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सडक हादसे में खेत से घर लौट रहे किसान की मौत हो गई। हादसा हाईवे मेने चौराहे पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने किसान को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी रोहित लोधा निवासी ग्राम पैंची ने रिपोर्ट में बताया कि शनिवार देर शाम उसके पिता गुलाब सिंह लोधा खेत से पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह हाईवे मेने चौराहे पर पहुंचे, तभी ब्यावरा की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर-38एएच-3493 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।

**विकास** | विधायक प्रियंका मीना की विशेष उपस्थिति में हुआ जन समस्या निवारण शिविर

# मक्सूदनगढ़ में 1 करोड़ 18 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन



नवभारत न्यूज

**मक्सूदनगढ़ 12 अक्टू. का। नगर परिषद मक्सूदनगढ़ के वार्ड क्रमांक 1, 5, 11 एवं 13 में 1 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं जन समस्या निवारण शिविर रविवार को क्षेत्रीय विधायक प्रियंका मीना की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह गरिमामय कार्यक्रम समीपस्थ ग्राम नलखेड़ा वार्ड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत भूमि पूजन और कन्या पूजन के साथ हुई।**

अपने उद्बोधन में विधायक प्रियंका मीना ने कहा कि मक्सूदनगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि नगर में बस स्टैंड और गौशाला जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण के लिए सरकार लगातार अनेक जनहितकारी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि जो लोग वर्षों से एक ही स्थान पर रह रहे हैं, उन्हें आवास से जोड़ा जाएगा। उन्होंने सीएमओ और तहसीलदार को ऐसे हितग्राहियों को मार्गदर्शन देने के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और वह हर समय जनता के साथ खड़ी हैं। सभी वार्डों में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। जन समस्या निवारण शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों ने अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, जिनके निराकरण के लिए उन्होंने तत्काल निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर नगर परिषद अध्यक्ष श्यामलाल अहिरवार, उपाध्यक्ष कौशलेंद्र अग्रवाल, पार्षद ओमवती लोहरिया, रूबी जादौन, दौलत सिलावट, वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू ने दिया तथा संचालन अशोक गुर्जर ने किया। अंत में आभार नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती द्वारा व्यक्त किया गया।

## जिले की 02 लाख 28 हजार 444 लाड़ली बहनें हुईं लाभान्वित

**गुना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना योजनान्तर्गत प्रदेश की लगभग 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त 1541 करोड की राशि का अंतरित की । जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रट स्थित एनआईसी कक्ष में दिखाया गया। इस दौरान गुना जिले की 02 लाख 28 हजार 444 लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 28,01,25,200 (अठाईस करोड एक लाख पच्चीस हजार दौ सौ मात्र) की राशि अंतरित की गयी। इस अवसर पर उपस्थित लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के लाईव संबोधन को देखा एवं सुना गया। कार्यकम में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग गुना दिनेश कुमार चंदेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना गौरव खरे, परियोजना अधिकारी शहरी प्रदीप नारायण मिश्रा सहित लाड़ली बहनें उपस्थित रही।



## संघ के शताब्दी वर्ष और विजयदशमी उत्सव के तहत उत्साहपूर्ण आयोजन, हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**गुना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी उत्सव के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को गुना ग्रामीण खंड के बरखेड़ा गिर्द एवं मावन मंडल में भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन अनुशासनबद्ध और पंक्तिबद्ध रूप में गांव की गलियों से होकर गुजरा। संचलन के दौरान पूरा वातावरण राममय बन गया और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और रामधुन बजाकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। बरखेड़ा गिर्द मंडल के कार्यक्रम में मंच पर माननीय खंड संघचालक सुरेश साहू एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला सह कार्यवाह वल्लभ किरार उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में वल्लभ किरार ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक हिंदू परिवार से एक स्वयंसेवक को जोडकर समाज को संगठित करना और भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना है।

उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म वासुदेव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर आधारित है, जो पूरे विश्व के कल्याण की भावना रखता है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार आवास फाइनेंसर लि. गुना द्वारा, बलवीर सिंह धाकड के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता शकील खॉ उर्फ बल्लू पुत्र श्री बशीर खॉ द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 55, सर्वे नं 575, क्षैत्रफल 1125 वर्गफीट ग्राम म्याना तहसील व जिला गुना का विक्रय किया था, जो क्रेता बलवीर सिंह पुत्र श्री लालाराम धाकड द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता. क्रं. 1828 दिनांक 12.09.2005 है, उक्त दस्तावेज (रजिस्ट्री) बलवीर सिंह पुत्र श्री लालाराम धाकड के घर पर रखी थी लेकिन वर्ष 2008 में घर पर आग लगने के कारण उक्त मूल दस्तावेज (रजिस्ट्री) जल गया हैं। जिसके कारण मूल दस्तावेज (रजिस्ट्री) उपलब्ध नहीं हैं। एवं उक्त संपत्ति पर बलवीर धाकड के द्वारा ऋण प्राप्त किया जा रहा हैं।

उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी का हक या कब्जा हो अथवा किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155